संक्षिप्त

आरोग्य शिविर का आयोजन

पावटा। विराटनगर निकटवर्ती ठाम गोविंदपुरा धाबाई स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मंगलवार नोडल अधिकारी बीसीएमओ डॉ. सुनील मीणा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीसीएमओ ने शिविर का निरीक्षण कर आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ठामीण क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य जांच करा सके. बहुत से लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दूर रहने के कारण स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते हैं, जिसके कारण बड़ी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। जिसके तहत मंगलवार को ग्राम गोविंदपुरा धाबाई स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शिविर का आयोजन कर जनसहभागियों की उपस्थिति मे 551 मरीजो की ओपीडी रही। मरीजों को विषय विशेषज्ञों द्वारा दन्त रोग, नेत्र रोग, मेडिसन की सुविधायें दी गई। शिविर में आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले लाभ की भी जानकारी लोगों को दी गयी। इस दौरान बीसीएमओ डॉ. सुनील मीणा, डॉ. रवि बंसल, डॉ. अनिता शर्मा, डॉ. प्रमोद, डॉ. रमेश यादव सहित चिकित्सक टीम मौजूद रही।

अवैध स्मैक के साथ आरोपी पकड़ा

पावटा। विराटनगर थाना पुलिस ने मंगलवार को अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। कोटपूतली-बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, अवैध खनन एवं अवैध आर्म्स के विरुद्ध चलाये गये विशेष अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा, वृताधिकारी विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन में थानाधिकारी मनोहर लाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान कस्बे के पावटा रोड स्थित जैन नसिया के पास सराय मौहल्ला की ओर जाने वाले रास्ते पर तरुण कुमार जांगिड उर्फ विक्की पुत्र रामजीलाल खाती उम्र 32 वर्ष निवासी सराय मौहल्ला वार्ड नं. 01, विराटनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 ग्राम स्मैक जब्त की है। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई स्मैक का अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य करीब 10 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शिविर में 587 मरीज लाभान्वित

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत कल्याणपुरा कलां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बुधवार को नोडल अधिकारी बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। बीसीएमओ ने शिविर का निरीक्षण कर आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 2209 जनसहभागियों की उपस्थिति एवं 587 मरीजों की ओपीडी रही। मरीजों को विषय विशेषज्ञों द्वारा दन्त रोग, नेत्र रोग, मेडिसन की सेवायें दी गई। बीपीएम विजय तिवाड़ी ने बताया कि शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कॉमन कैंसर, टीबी, एवं अंधता रोगी की स्क्रीनिंग, ईसीजी सहित 37 प्रकार की निरूशुल्क जांचे कर उपचार किया गया। साथ ही आमजन की आभा आई.डी. एवं बकाया ई-केवाईसी की गई। आरबीएसके टीम द्वारा छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग कर उपचार किया गया। जिनका निरन्तर फॉलोअप किया जावेगा। बीसीएमओ ने शिविर के सफल आयोजन के लिये चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अभिषेक शर्मा, यामिनी त्रहान, डॉ. प्रकाश सैनी, संजय यादव, लालचन्द रहीसा एवं स्टॉफ को धन्यवाद् दिया। आगामी 10 जनवरी को पीएचसी पवाना अहीर में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

पौषबड़े का भोग लगाया

मनोहरपुर। सब्जी मंडी में स्थित चतुर्भुज मंदिर में पोषबड़े का आयोजन किया गया मंदिर को आकर्षक व मनमोहक सजाया गया 2 घंटे तक भजन कार्यक्रम हुआ इसके बाद पोषबड़े का भोग लगाकर सभी भक्तों को प्रसाद दिया गया इस अवसर पर महावीर पारीक अटल पारीक पुजारी रोशन शर्मा भक्तों में विनोद मेहरा जुबेर खान योगेश कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे ।

दबंगों ने श्मशान घाट जाने वाले रास्ते से पीड़ित परिवार को जाने से रोका

पावटा । भाकरी गांव में बुधवार सुबह श्मशान घाट जाने वाले आम रास्ते से पीड़ित परिवार को जाने से रोकने के मामले ने तूल पकड लिया। बुधवार सुबह उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब दबंगों ने मृतक का तीया करने जा रहे पीड़ित परिवार को बीच में रोक दिया।

भाकरी गांव के बाबा गोपाल दास स्थान के पास सैकडो साल पुराने श्मशान भूमि मैं तीये के लिए जा रहे पीड़ित परिवार को जाते देख अन्य ढाणी के लोगों ने रास्ते को गेट पर ताला लगाकर बंद कर दिया। मुखराम धनकड ने बताया कि उनके ताऊ भगवान सहाय धनकड का सोमवार दोपहर में देहांत हो गया था। उसकी शव यात्रा को शमशान भूमि तक जाने वाले एकमात्र रास्ते से ले जाते समय दबंगों द्वारा रास्ते पता लगाकर रोक दिया गया परिजन व ग्रामीणों ने सब यात्रा को रोककर करीब दो घंटे जमीन पर रखकर प्रशासन से मदद ली मौके पर प्रशासन पहुंचकर ग्रामीणों से समझाइस में लग गया। मौके पर गिरदावर शशिधर यादव, प्रागपुरा थाना अधिकारी राजेश मीणा मय जाप्ता पहुच कर समझाइस की तब जाकर अंतिम संस्कार के लिए रास्ता खोला गया गया था। वही बुधवार को फिर से पीडित परिवार तीये के लिए जा रहे थे तो दबंगो द्वारा शमशान भूमि तक जाने वाले एकमात्र रास्ते के गेट पर ताला लगा दिया। जिस पर पीडित परिवार तीये के लिए तीन घंटे तक सडक पर बैठा रहा। वही पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया। जिस पर तहसीलदार संजय कुमार खेदड, गिरदावर शशि कुमार यादव, पटवारी विकास कौशिक, प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा मौके पर पहुँचे। करीब तीन घंटे समझाइश के बाद रास्ता खोला गया। वही मृतक भगवान सहाय धनखड के पुत्र दाताराम,जगन, सुरेश, विक्रम ठामीण सुल्तान टोकस, भाकरी पूर्व सरपंच हेमन्त धनखड, सरपंच मेहरसिंह धनखड़, पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनखड़, प्रहलाद धनखड, हरी सिंह वकील, शिवपाल राठी, लीलाराम धनखड़, पंच सरदार मल शेरावत, गिरधारी धनखड़, ख्यालीराम जंवर, कैलाश जंवर, रोहिताश शेरावत, रामेश्वर गढवाल, वकील हरीश धनखड़, दयाराम धनखड़,बाबुलाल धनखड़, सुरेश धनखड, साधुराम, गाडाराम, श्याम लाल धनखड़, पाचुराम धनखड, बोदुराम जंवर, गुटाराम मिस्त्री, शिवराम गिठाला सहित ग्रामीणों ने पुलिस प्रश सन से रास्ता रोकने वाले दबंगो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई व दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार करने एवं कोई स्थाई समाधान निकालने की मांग की है।

श्मशान घाट जाने वाले आम रास्ते से पीड़ित परिवार को जाने से रोकने पर लोग सड़क पर बैठ गये।

- तीया करने जा रहे परिजनों ने सड़क के बीच में बैठकर जताया विरोध

11 लाख 46 हजार 307 मतदाता पंजीकृत

टोंक। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के दौरान एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीना की अध्यक्षता में जिले के राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर जिले की मालपुरा, निवाई, टोंक एवं देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। प्रकाशित अंतिम मतदाता सूचियों की प्रति जिले के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करवाई गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर मालपुरा ने 1 जनवरी 2025 के आधार पर मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 की जानकारी दी तथा बताया कि 29 अक्टूबर 2024 को फोटो युक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया। प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची में जिले में 11 लाख 23 हजार 147 मतदाता पंजीकृत थे।

बूचड़खानों, मांस की दुकानों का पंजीकरण करें : कायथवाल

अलवर। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल की अध्यक्षता में आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला पशु क्रूरता समिति की बैठक आयोजित हुई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम ने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिये कि जिले में 14 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले पशु कल्याण पखवाडे के तहत जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम व दयाभाव जाग्रत करने तथा उन्हें राहत प्रदान करने हेतु विभागीय एवं गैर सरकारी संगठनों के समन्वय से विभिन्न गतिविधियां आयोजित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि पखवाडे के दौरान शहर में स्थित बूचडखानों, मांस की दुकानों का पंजीकरण करें, सरिस्का वन्य क्षेत्रा में वन्य जीवों को खाद्य सामग्री डालने वाले नागरिकों,वाहन मालिकों पर निगरानी व समझाइश हेतु चेतावनी बोर्ड लगवाए एवं नियमित रूप से सरिस्का क्षेत्रा की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सडक पर रिफ्लेक्टर स्पीड ब्रेकर व सडक के किनारे चेतावनी बोर्ड लगावे।

उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि शहर में स्थित बूचडखानों/मांस की दुकानों के पंजीकरण का सर्वे करे तथा सर्वे के दौरान पंजीकरण नहीं पाए जाने पर नोटिस देने की कार्रवाई करे।

उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पखवाडे के दौरान 26 जनवरी को गणतंत्रा दिवस एवं 30 जनवरी को सर्वोदय दिवस के अवसर पर राज्य में पशु पक्षियों का वध करने एवं मांस की बिक्री करने पर प्रतिबंध रहेगा इसकी पालना सुनिश्चित करावे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मकर संक्रांति पर पतंगबाजी से पक्षियों को चोटिल होने से बचाने के लिए चायनिज मांझे के प्रयोग तथा पतंगबाजी का समय प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक निर्धारित कर सुबह-शाम पतंगबाजी पर प्रतिबंध की पालना सुनिश्चित करावे। साथ ही धर्म के नाम पर पशु बलि रोकथाम हेतु समझाईश करें। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. मुरारी लाल मीना ने बताया कि 14 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले पशु कल्याण पखवाडे के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी जिनमें बांझ निवारण एवं पशु शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन कराया जाएगा। पशुपालाकों एवं गौशालाओं के पशुओं को कृमिनाशक औषधि पिलाई जाएगी एवं जनसामान्य को पशु कूररता की निवारण की जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर उप वन संरक्षक राजेन्द्र कुमार हुड्डा, नगर निगम के आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, डीटीओ सुरेश कुमार यादव, एडीईओ जयप्रकाश अवस्थी, पॉलीक्लिनिक की उप निदेशक डॉ. दिनकर शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

- 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले पशु कल्याण पखवाड़े के तहत होंगी विभिन्न गतिविधियां

अवैध देशी व अंग्रेजी शराब रखने के आरोप में महिला गिरफ्तार

टोंक । जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत मालपुरा अति.पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल के निर्देश में थाना लाम्बाहरिसिंह की गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ डोडा पोस्त सप्लायर राजू पुत्र जगन्नाथ गुर्जर उम्र 40 साल निवासी थडी थाना पचेवर को जरीये प्रोडक्शन वारन्ट उप कारागृह मालपुरा से गिरफ्तार किया गया है। वृताधिकारी निवाई मृत्युजंय मिश्रा के निर्देशन में निवाई व पीपलू दल ने वनस्थली मार्ग पर बसी सांसी बस्ती से अवैध देशी व अंग्रेजी मदिरा रखने के आरोप में आरोपी गोरा देवी को पकड़ा है। **इनके अलावा** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत वृताधिकारी निवाई मृत्युजंय मिश्रा के निर्देशन में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए वनस्थली सडक मार्ग के सार्वजनिक स्थान पर ताश-पत्ती से जुआं खेलते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से 61,790 रूपये की नगद राशि जप्त की गई। इसी प्रकार अति.पुलिस अधीक्षक टोंक विजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन में गठित टीम ने ताश-पत्ती पर दांव लगाते निवाई थाना क्षेत्र के चोरपुरा बालाजी मन्दिर के पास से चार आरोपियों को दर पकडा, जिनके कब्जे से 16,210 रूपये की राशि भी जप्त की गई।

इसके अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत वृताधिकारी निवाई मृत्युजंय मिश्रा के निर्देशन में निवाई व पीपलू दल ने वनस्थली मार्ग पर बसी सांसी बस्ती से अवैध देशी व अंग्रेजी मदिरा रखने के आरोप में आरोपी गोरा देवी पत्नी मुकेश जाति सांसी उम्र 22 साल को एक लाख की नगद राशि सहित एक्साईज एक्ट में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

वनस्थली मार्ग पर बसी सांसी बस्ती से अवैध देशी व अंग्रेजी मदिरा रखने के आरोप में महिला को गिरफ्तार किया।

पावटा में अव्यवस्थित पार्किंग, जाम से व्यापार प्रभावित

पावटा । उपखंड मुख्यालय पावटा में अव्यवस्थितपार्किंग व सड़क किनारे खड़े वाहनोंके कारण जाम की समस्या से निजात नहीं मिला पा रहा है। सर्विस रोड पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग व कई जगहों पर मालवाहक वाहनों एवं सवारी वाहनों के बेतरतीब खड़ा होने से सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग रही है। पावटा सीएचसी कट बंद होने के बाद भी वहाँ तैनात यातायात पुलिसकर्मियों की निगाह केवल वही तक सीमित है। जहाँ यातायात पुलिसकर्मियों को अतिथियों के रूप मे देखा जा सकता है। कस्बे में केवल एक जगह सीएचसी ट्रैफिक संचालन की व्यवस्था है, बाकी भगवान भरोसे है। जाम की समस्या से निजात दिलाने वाले इंतजाम की फाइल ठंडे बस्ते में है। कस्बे को जाम से निजात दिलाने की राह में अव्यवस्थित पार्किंग रोड़ा बन रही है। कस्बे का शायद ही कोई मार्ग हो, जहां पर अव्यवस्थित पार्किंग बनाकर वाहन न खड़े हों। कस्बे में करीब दो दशकों से पार्किंग की व्यवस्था करने की तैयारी कई बार हो चुकी है, लेकिन धरातल पर पार्किंग की व्यवस्था न होने से जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने की सारी कवायद धरी की धरी रह गई है। कस्बे में लोग अपने वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करके खरीदारी करते हैं। कस्बे में कई जगह ऐसी हैं कि इनमें लोगों ने मुख्य मार्गो को अपनी गाड़ी खड़े का अड्डा बना लिया है। जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के विभिन्न मार्गों पर जाम लग रहा है। पर सबसे गंभीर बात तो यह है कि इन मार्गों पर ट्रैफिक संचालन के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती नहीं है। जिसके कारण पावटा कस्बे के मुख्य अंडरपास, सुभाष चौक, होली चौक, चमत्कारी चौराहा, सर्विस रोड आदि मार्गों पर जाम लगने के बाद वाहन रेंगते रहते हैं। यहां तक कि आगे निकलने की होड़ में खुद ही वाहन चालक जाम का कारण बन जाते हैं। इतना नहीं एक दूसरे से नोकझोंक भी कर लेते हैं। लेकिन अतिथि रूपी यातायात पुलिसकर्मीयों ने कभी भी सर्विस लाइन पर आकर जाम की समस्या से झूझ रहे वाहन चालको, राहगीरो को निजात दिलाते नज़र नही आते। ट्रैफिक जाम का मुख्य कारण निजी एवं सरकारी बैंक परिसर क्षेत्र मे समुचित पार्किंग व्यवस्था नही होने का खामिया जा आम जनता को ट्रैफिक जाम के रूप मे भुगतना पड़ता है। कई बार आपात कालीन स्थिति मे एंबुलेंस व फायर बिठोड की गाड़ियों के सायरन की आवाज़ सर्विस लाइन पर गूंजती रहती है। लेकिन जाम की स्थिति जस की तस रहती है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी का भव्य स्वागत

नारायणपुर । कस्बे के धामेड़ा रोड पर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणों द्वारा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी के सम्मान में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष का पारंपरिक साफा और माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का उत्साह चरम पर रहा।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ता भवानी शंकर वैद्य और तेजराम सैनी ने अपने विचार रखे। उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। भवानी शंकर वैद्य ने कहा यह स्वागत समारोह कार्यकर्ताओं और संगठन के प्रति समर्पण और एकजुटता का प्रतीक है। मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी ने अपने संबोधन में विधायक देवीसिंह शेखावत सहित सभी कार्यकर्ता और ठामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह सम्मान मेरी जिम्मेदारियों को और बढ़ाता है। मैं पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में सुरेश कपूरिया, फूलचंद यादव, मनोहर लाल नायक, अशोक शेखावत, राजू प्रजापत, सुल्तान राम सैनी, अनिल गर्ग, नारायण गोयल, रामेश्वर सैनी, रोहिताश सैनी, महेंद्र योगी, अर्जुन लाल यादव, सुरेश राठी, रामावतार सैनी, लक्ष्मण दर्जी, नत्थू प्रजापत, पप्पू नायक, मातादीन यादव, पार्षद पति मुकेश गोठवाल, जयसिंह भूराण, ललित सैनी, हरिराम सोलंकी, कालू जोशी, सुभाष गंगावत, रतन लाल टेलर, किरोड़ी लाल सैनी, हीरालाल सैनी, सत्येन्द्र सिंह, जयराम सैनी और केसरपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

- कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का उत्साह चरम पर रहा

नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी (बीच में माला पहने) का ग्रामीणों ने स्वागत किया।

समाज में शिक्षा का महत्व समझाया

मनोहरपुर। मानपुरा रुण्डल में आयोजित समाज के पदाधिकारियों की बैठक में समाज के विकास व शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने पर जोर दिया गया। साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान, समाज के विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई। इसके अलावा, समाज में एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। बैठक में मौजूद लोगों ने समाज के विकास के लिए अपने विचार और सुझाव साझा किए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए रणनीतियों पर चर्चा करना था। बैठक में मौजूद लोगों ने समाज के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और समाज के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया। बैठक में डॉक्टर शाहरुख शाह (अध्यक्ष, शाह समाज विकास संस्था एवं अध्यक्ष, द कैरियर वेलफेयर एंड एजुकेशनल संस्था,साजिद शाह (अध्यक्ष, शाह समाज विकास संस्था जयपुर),नवाब शाह रायसर (सचिव, हकीम शाह (महासचिव),इस्लाम शाह (कोषाध्यक्ष) सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

सार-समाचार

मॉडल प्रदर्शित किए

प्रतियोगिता में स्कूली छात्राओं ने राकेट का मॉडल प्रदर्शित किया।

चाकसू। राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं में समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं रचनात्मक और कलात्मक कौशल का विकास करने हेतु दूसरे दिन मॉडल प्रतियोगिता और प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.मंजूलता शर्मा ने बताया कि प्रोजेक्ट और मॉडल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए एल कुलहरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की महाविद्यालय में इन प्रतियोगिताओ को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि यहां आपके अभिनव विचारों एवं डिजाइनों को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है,आपके ज्ञान व कौशल को दिखाने का मौका मिलता है, प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में आपको आपके विचारों एवं समाधानों को आजमाने का मौका मिलता है। इसके अतिरिक्त आपको व्यावहारिक अनुभव हासिल करने का भी मौका मिलता है। आपने छात्राओं को रचनात्मक एवं नवाचार के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जोखिम उठाने और आराम क्षेत्र से बाहर की रुचियां को आगे बढ़ाने के लिए रास्ते मिलेंगे। मॉडल प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की 6 छात्रों ने भाग लिया। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तृतीय वर्ष की संगीता शर्मा रही। द्वितीय स्थान पर द्वितीय वर्ष की किरण सैनी रही एवं तृतीय स्थान पर द्वितीय वर्ष की इशिका प्रजापति रही।प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में जीनत बानो तृतीय वर्ष की विजेता रही।डॉ आशा सुनारीवाल एवं डॉ.अनुराधा शर्मा ने निर्णायक गण की भूमिका निभाई। प्रतियोगिताओं से अभिनव विचारों एवं डिजाइनों को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है।

हादसे में एक की मौत

मानपुरा माचेडी। दिल्ली अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर बिलोची के पास गत देर शाम सडक पर पहले से खडे एक ट्रोले के पीछे से आ रहे एक केंटर ने टक्कर मार दी जिससे केंटर में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई व चालक सहित तीन लोग घायल हो गए।सूचना पर पहुची एम्बुलेंस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जानकारी के अनुसार दिल्ली अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर एक केंटर दिल्ली की ओर से जयपुर की ओर जा रहा था कि बिलोची पुलिया पर सड़क पर ही पहले से एक ट्रोला खड़ा था।पीछे से आ रहे केंटर ने ट्रोले के टक्कर मार दी जिससे केंटर में सवार शाहपुरा के घासीपुरा निवासी राजेन्द्र वर्मा,केंटर चालक सुरेंद्र पुत्र चंदीराम(50) व शौकत पुत्र नूर मोहम्मद(25) निवासी गांव पालकी जिला भरतपुर व आजाद पुत्र वजीर खान(36) निवासी बहादुरपुर जिला अलवर घायल हो गए।सूचना पर पहुची एम्बुलेंस ने घायलों को अस्पताल पहुचाया जहाँ घायल राजेन्द्र की मौत हो गई । मृतक राजेन्द्र एक निजी स्कूल में अध्यापक था व केंटर में लिफ्ट लेकर जा रहा था। वही घायल शौकत व आजाद भी केंटर में मनोहरपुर से बैठ कर जयपुर जा रहे थे।दुर्घटना के बाद हाइवे का यातायात भी बाधित हुआ।दौलतपुरा पुलिस ने मोके पर पहुँच दुर्घटना ठास्त वाहनों को एक तरफ करवा यातायात सुचारू करवाया।

आत्मरक्षा के गुर बताए

अलवर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय गून्दपुर में दो दिवसीय आपदा प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ जिसमें आमजन के साथ विद्यार्थियों व महिलाओं को आपदा प्रबंधन के संबंध में जागरूक कर विभिन्न आपदाओं से होने वाली घटना के प्रति सुरक्षा उपाए बताए गए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर के अतिरिक्त निदेशक ने बताया कि जहरीली गैसों आदि का रिवास होने के दौरान सुरक्षात्मक उपाय के साथ ध्यान रखने की आवश्यकता है कि हवा की दिशा किस तरफ है इन छोटी-छोटी चीजों की जानकारी होने से आपदा की घटनाओं से बचा जा सकता है। साथ ही आमजन को ऐसी घटना होने पर सतर्क व जागरूक करना भी जरूरी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्रा के आसपास आबादी क्षेत्रा गांव, ढाणियों के लोगों को आपदा संबंधित घटना घटित होने पर आत्मरक्षा व बचाव कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की आपदा घटित होने पर घबराए नहीं चाहिए। किसी फैक्ट्री से जहरीली गैस का रिसाव हो रहा है तो घबरा कर भगदड ना करे बचाव के लिए गिले कपडे को मुंह पर ढक ले और अन्य लोगों को बचाने के लिए टीम गठित करें, खुली जगह सुरक्षित रास्ते होने का चयन कर लोगों की जान बचाई जा सकती है। इंडियान रेड क्रोस सोयायटी की ब्रांच सेंट जॉन एम्बूलेंस इंडिया ब्रांच के चेयरमेन गिरीश गुप्ता एवं मुख्य टेऊनर डॉ. कुमूद गुप्ता ने सीपीआर एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे पर जानकारी दी। इस दौरान विभाग द्वारा प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस दौरान एनआईडीएम गृह मंत्रालय से प्रो. सूर्य प्रकाश, संयुक्त निदेशक आईडीएसपी एनसीडीसी स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय डॉ. शुभांगी कुल सेगे, डॉ. रूना हतती गोकले, डॉ. दीपा मीणा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश कुमार बैरवा, एपेडिमियोलोजिस्ट आईडीएसपी डॉ.सुधांशु शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

यातायात नियमों की जानकारी दी

पावटा। राजस्थान पुलिस की ओर से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न प्रकार के जागरूकता तथा समझाइश के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार को विराटनगर के निजी विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनकी पालना करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यातायात नियमों के उल्लघंन के कारण होने वाली परेशानियों तथा दंडात्मक कार्रवाई की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विराटनगर थानाधिकारी मनोहर लाल ने उपस्थित विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा सप्ताह की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन पर केवल एक या दो ही सवारी बैठे, वाहन संचालक के दौरान निर्धारित गति में वाहन चलाएं, वाहनों को ओवरटेक नहीं करने, अपने वाहन को निर्धारित स्थान पर ही पार्क करने के लिए प्रेरित किया. साथ ही वाहन संचालन के दौरान अपने पास वैध लाइसेंस रखने की हिदायत दी। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया कि लाइसेंस के अभाव तथा यातायात नियमों की पालना नहीं करने पर जुर्माना वसूला जाता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि जीवन अनमोल है। इसकी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालना कर स्वयं और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं। वही उन्होंने तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों से बचने के लिए भी बच्चों को टिप्स दिए। उन्होंने बताया गया कि साइबर जालसाज कैसे लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बच्चों को टिप्स दिए गए कि कैसे वे अपने माता-पिता और सगे संबंधियों को साइबर धोखाधड़ी के बारे में जागरूक कर उन्हें बचा सकते हैं। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। उन्हें अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें साथ ही विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में भी जागरूक किया गया।

योजनाओं पर चर्चा

दूदू। निकटवर्ती धानदोली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर संघर्ष मंच दूदू के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं एवं आम जन की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान स्वयं सेविका बिमला आचार्य ने केंद्र पर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा कर क्षेत्र के गांवों एवं ढाणी तक लाभान्वित करने का जागरूक अभियान चलाने की बात। कहीं अध्यक्ष श्योजी राम गुर्जर ने बताया कि सरकार की मंगल पशु बीमा प्रधानमंत्री आवास फ्री एजुकेशन स्वास्थ्य ही धन है। प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी देखकर अधिक से अधिक परिवारों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया।